त्र अवशिष्ट एक अंगारकूं तृणोंकरि उप
समाधानकरिके प्रज्वलित करै। तिसकरि
तिसतैंबी बहुतकूं दाह करै ॥ ५ ॥

अर्थः—हे सोम्य! ऐसैंहीं तेरी षोडश
कलाओंके मध्य एक अवशिष्ट होतीभई।

णोंकरि उपसमाधानकरिके (स्थापनकरिके)
प्रज्वलित करै (बढावै)। तिस प्रदीप्त अंगार
करि तिस पूर्व परिमाणतैंबी बहुतकूं दाह
करै (जलावै) ॥ ५ ॥

टीकाः—हे सोम्य! ऐसैं तेरी सामर्थ्यरूप
षोडश अन्नकी कलाओंके मध्य सामर्थ्यरूप
एक कला अतिशिष्ट (अवशिष्ट) होती भई।

माहिता प्राज्वली तयैतर्हि वेदाननुभव-
स्यन्नमयꣳ हि सोम्य! मन आपोमयः

सो अन्नकरि बढाई हुयी प्रज्वलित भई। तिसकरि अबी वेदनकूं अनुभवकरताहैं॥ हे सोम्य! अन्नमयहीं मन है। जलमय प्राण है। तेजोमयी वाक् है। ऐसैं [पिता

कहिये पंचदशदिन नहीं भोजन करनेवाले तेरी एक एक दिवसकरि एक एक कला अपरपक्ष-विषै चंद्रमाकी कलाकीन्यांई क्षीण भई ॥ सो तेरी अतिशिष्टकला भुक्त अन्नकरि उपसमाहित (वर्धित) हुयी प्रज्वलित भई। अर्थ यह जोः—वर्धित भई॥ इहां "प्राज्वालीत्" ऐसा पाठांतर है। तब (तिस पक्षविषै) अन्नकरि उपसमाहित (बढायी) हुयी आप प्रज्वलित होतीभई (बढतीभई)। यह अर्थ है॥ तिस वर्धित कलाकरि अबी तूं वेदनकूं अनुभव करताहैं (जानताहैं)॥ ऐसैं व्यावृत्ति (व्यति-

प्राणस्तेजोमयी वागिति ॥ तद्धास्य वि-
जज्ञाविति विजज्ञाविति ॥ ६ ॥

इति षष्ठप्रपाठकस्य सप्तमः खण्डः ॥ ७ ॥

कहतेभये] ॥ ॥ [श्वेतकेतु] इस (पि-
ता)के तिस (उक्त)कूं जानताभया ऐसैं ।
जानताभया ऐसैं ॥ ६ ॥

इति श्री०मूलभाषा०षष्ठप्रपा०सप्तमः खंडः॥७॥

रेक) अरु अनुवृत्ति (अन्वय)करि मनका अ-
न्नमयपना सिद्धभया। ऐसैं पिता उपसंहार करै-
हैं:—हे सोम्य! अन्नमयहीं मन है। इत्यादि ॥
जैसैं[२६२] यह मनका अन्नमयपना तेरेकूं सिद्ध भया
तैसैं जलमय प्राण है। तेजोमयी वाक् है।
यहबी सिद्धहीं है। यह अभिप्राय है ॥ तिस
इस पिताके उक्त मनआदिकके अनादिमयप-

---

२६२ मनकी अन्नमयताकूं उपपादन करनेकूं आरंभकिया "जलमय प्राण है" इत्यादि वाक्य है सो इहां कैसैं कहिये है? तहां कहैहैं ॥

अथ षष्ठप्रपाठकस्याष्टमःखंडः ॥८॥
उद्दालको हारुणिः श्वेतकेतुं पुत्रमु-

अथ श्री॰मूलभाषा॰षष्ठप्रपाठकस्याष्टमः खंडः ॥ ८ ॥
अथ श्री प्रथमोपदेशप्रारंभः ॥ १ ॥

अर्थः-उद्दालक आरुणि श्वेतकेतु पुत्रकूं

नैकूं श्वेतकेतु जानता भया ॥ इहां दो[२६३] अभ्यास त्रिवृत्करणके प्रकरणकी समाप्तिअर्थ है ॥ ६ ॥

इति श्री॰भाष्यभाषा॰ षष्ठप्रपाठकस्य सप्तमः खंडः ७

अथ श्री॰भाष्यभाषा॰षष्ठप्रपाठकस्याष्टमः खंडः ॥८॥
सुषुप्ति औ अन्न जलद्वारा जगन्मूल सदद्वैतोपदेश ७
अथ प्रथमोपदेशः ॥ १ ॥

टीकाः-जिसै[२६४] मनविषै आदर्शविषै प्रतिबिं-

२६३ विद्याकी समाप्तिविना इहां दोवार कथन कैसैं है ? यह आशंकाकरिके कहैहैं ॥

इति श्री॰षष्ठप्रपाठकगतसप्तमखंडस्य टिप्पणम् ॥ ७ ॥

अथ श्री॰षष्ठप्रपाठकगताष्टमखंडस्य टिप्पणम् ८

२६४ त्रिवृत्करणके निर्णयरूपविषयवाले अवांतर प्रकरणकूं परिसमाप्तकरिके । अब सत्रूप विषयवालेहीं महाप्रकरणकूं अनुवर्त्तन (प्रवर्त) करते हुये मनके लयहुये सुषुप्तिविषै जीवकूं सत्की जो संपत्ति (प्राप्ति) होवैहै ताकूं कहनेकूं उक्त मन उपाधिवान्पनैकूं अनुवाद करैहैं ॥

वाच-स्वप्नान्तं मे सोम्य! विजानीहीति।
यत्रैतत्पुरुषः स्वपिति नाम सता सोम्य!

कहतेभये ॥ उद्दालक उवाचः—हे सोम्य! स्वप्नांत (सुषुप्ति)कूं मेरे कहते हुये विस्पष्ट जान ऐसैं ॥ जहां पुरुष "स्वपिति (सोवताहै)" यह नाम होवैहै। हे सोम्य!

वरूपसैं पुरुषकी न्यांई औ जलआदिकनविषै प्रतिबिंबनसैं सूर्यादिकनकीन्यांई जीवस्वरूपसैं परा देवता अनुप्रवेशकूं प्राप्त भई है। सो [२६५] मैंने अन्नमय तेज अरु जलमय वाक् अरु प्राणोंकेसाथि संबंधवाला जान्या ॥ [२६६] जिसैं (मनो) मय अरु जिस (मन) विषै स्थित हुया जीव मननदर्शन अरु श्रवणआदिक व्यवहारकेअर्थ समर्थ होवैहै औ [२६७] तां (मन)के उपराम (लय) हुये

---

२६५ उक्त उपाधिके स्वरूपकूं संचार करैहैं ॥

२६६ उपाधिकरि उपहितविषै कार्यकरताकूं दिखावैहैं ॥

२६७ मनके भावहुये जाग्रत् अरु स्वप्नरूप व्यवहारकी सिद्धि होवैहै। ऐसैं कहिके। अब ता (मन)के अभाव हुये सुषुप्तिकूं प्रकटकरैहैं ॥

तदा सम्पन्नो भवति। स्वमपीतो भवति।

तब सत्के साथि संपन्न (प्राप्त) होवैहै॥
स्वस्वरूपकूं प्राप्त होवैहै। तातैं इसकूं "स्व-

अपने देवतारूपहींकूं पावताहै॥ सो[२६८] अन्य श्रुतिविषै कहा है:—"ध्यान करते हुयेकीन्यांई लीलाकरते हुयेकीन्यांई। बुद्धिसहित स्वप्नरूप होयके इस लोककूं अतिक्रमणकरताहै। सोई यह आत्मा ब्रह्म विज्ञानमय मनोमय है" इत्यादि औ "स्वप्नकरि शारीर" इत्यादि अरु "प्राणानकूं करता हुयावी प्राण नाम होवैहै" इत्यादि॥ तिसैं[२६९] इस मनविषै स्थित अरु मन आख्याकूं प्राप्त

२६८ आत्माविषै मनके वशतैंहीं दर्शन आदिक व्यवहार है स्वरसताकरि नहीं। इस अर्थविषै बृहदारण्यककी श्रुतिकूं प्रमाण करैहैं॥ इहां द्वितीय वाक्यविषै "सधी (बुद्धिसहित)" यह पद उपयोगी होवैहै। औ तृतीयवाक्यविषै तो "विज्ञानमय है अरु मनोमय है" ये दोपद उपयोगी होवैहैं॥

२६९ ऐसैं भूमिकाकूं करिके समनंतर वाक्यकूं ग्रहण करैहैं॥ इहां "ताकूं पुत्रके अर्थ" इस ठिकाने तिस परदेवताविषै ताका अवस्थानपना यह तत् (ताकूं) शब्दका अर्थ है औ "तहां" ऐसैं द्वितीयपक्षकी उक्ति है औ "स्वप्न" यह

तस्मादेनꣳ स्वपितीत्याचक्षते। स्वꣳ ह्यपीतो भवति ॥ १ ॥

पिति (सोवताहै)" ऐसैं कहतेहैं। जातैं स्वस्वरूपकूं प्राप्त होवैहै ॥ १ ॥

अरु मनके उपशमरूप द्वारकरि इन्द्रियनके विषयनतैं निवृत्त भये जीवका जिस स्वात्मभूत परदेवताविषे जो अवस्थान है। ताकूं पुत्रकेअर्थ कहनेकूं इच्छते हुये उद्दालक आरुणि। श्वेतकेतु पुत्रकेप्रति कहतेहैं ॥ उद्दालक उवाचः— स्वप्नान्तकूं कहिये स्वप्नके मध्यकूं। स्वप्न ऐसी दर्शनवृत्तिरूप स्वप्नकी आख्या (संज्ञा) है तिस स्वप्नके मध्यरूप स्वप्नांतकूं। अर्थ यह जोः—सु-

---

दर्शनवृत्तिरूप स्वप्नकी आख्या है। इस ठिकाने स्वप्न शब्दकूं स्वप्न अरु सुषुप्तिविषै साधारण होनेतैं सुषुप्तिकी व्यावृत्तिअर्थ "दर्शनवृत्तिरूप" यह विशेषण है। काहेतैं सुषुप्तिकूं अदर्शनवृत्तिरूप होनेतैं औ "अर्थतैं" याका। जातैं स्वप्नरूप कार्यका सतत्व (कारण) है सो सुषुप्तिहीं है। काहेतैं सुषुप्तिनामक तम जो अज्ञान सो स्वप्न अरु जाग्रत्का बीज है। यातैं तहां दोनूंके लयतैं। द्वितीय व्याख्यानविषै सुषुप्तिहीं अर्थके वशतैं फलती है। यह अर्थ है ॥

षुप्तिकूं ॥ अथवा स्वप्नांतकूं । याका स्वप्नके सतत्व (कारण)कूं । तहां (द्वितीय पक्षविषै) बी अर्थतैं सुषुप्तिहीं होवैहै । काहेतैं "[२७०]स्वंस्वरूपकूं प्राप्त होवैहै" इस वचनतैं ॥ [२७१]जौंतैं सुषुप्तितैं अन्यठिकाने जीवकी स्वस्वरूपकेप्रति प्राप्तिकूं ब्रह्मवेत्ता इच्छते नहीं ॥ तहां (सुषुप्तिविषै) [२७२]जौंतैं आदर्शके दूरी किये हुये आदर्शगत पुरुषका प्रतिबिंब जैसैं आपहीं पुरुषकूं प्राप्त होवैहै । ऐसैं मन आदिकके उपराम हुये चैतन्यके प्रतिबिंबरूप जीवस्वरूपसैं नामरूपके व्याकरण (विस्पष्टकरणे)अर्थ मनविषै प्रवेशकूंपाई जो परा देवता सो मननामक जीवरूप ताकूं त्यागिके अपनेहीं आत्मा(स्वरूप)कूं पावती है । [२७३]यातैं सुषुप्ति

२७० यातैं बी स्वप्नांत शब्दसैं साक्षात् वा अर्थात् सुषुप्तिहीं कहींहै । ऐसैं कहैहैं ॥

२७१ ननु अन्य अवस्थाविषैबी "स्वस्वरूपकूं प्राप्त होवैहै" यह श्रुतिवचन अविरुद्ध है? ऐसैं जो कहै । सो बनै नहीं । ऐसैं कहैहैं ॥

२७२ तहां (सुषुप्तिविषै) बी स्वाप (स्वरूपकी प्राप्ति) कैसैं होवैहै? यह आशंकाकरिके कहैहैं ॥

२७३ "स्वपिति" नामके अर्थके सामर्थ्यकरि सिद्ध अर्थकूं निगमन करैहैं ॥

हीं स्वप्नांतशब्दका वाच्य है ऐसैं जानियेहै ॥ [२७४]जहांतो सोया हुया स्वप्नोंकूं देखताहै सो स्वाप्न (स्वप्नका) दर्शन सुखदुःखकरि संयुक्त है यातैं पुण्यपापका कार्य है। [२७५]जातैं पुण्यपापकूं सुखदुःखकी आरंभकता प्रसिद्ध है [२७६]पुण्यपापकूं अविद्या अरु कामके आश्रयकरिहीं सुखदुःख अरु तिनके दर्शनरूपकार्यकी आरंभकता संभवैहै। अन्यथा नहीं ॥ यातैं संसारके हेतु अविद्या काम अरु कर्मकरि संयुक्तहीं स्वप्न है। जातैं तहां स्वरूपकूं प्राप्त नहीं होवैहै। काहेतैं "[२७७]पुण्यकरि अनन्वागत (असंबद्ध) अरु पाप-

२७४ ननु स्वप्नांत शब्द जब बुद्धांत शब्दकी न्यांई स्वप्नकूं हीं कथन करैहै। तबबी " स्वस्वरूपकूं प्राप्त होवैहै " यह श्रुतिवाक्य अविरुद्ध है। काहेतैं सर्वदा जीवकूं सत्‌रूप ब्रह्मकी प्राप्तिके तुल्य होनेतैं? यातैं कहैहैं ॥

२७५ स्वप्नके दर्शनकूं पुण्य पापकी कार्यता प्रकट करैहैं॥

२७६ केवल पुण्यपापकरिहीं स्वप्नविषै नहीं जुडताहै किंतु अविद्याआदिककरिबी। यातैं तहां (स्वप्नविषै)स्वाप्यय (स्वरूपकी प्राप्ति) नहीं संभवैहै। ऐसैं कहैहैं ॥

२७७ तब स्वप्नकी न्यांई सुषुप्तिविषैबी स्वाप्यय नहीं होवैगा। काहेतैं तहांबी काम कर्म आदिकके संबंधके संभवतैं? यह आशंकाकरिके कहैहैं ॥

करि अनन्वागत है। तब (सुषुप्तिविषै) हृदयके सर्व शोकनकूं तीर्ण (तिरगया) होवैहै "सोई इसका यह अतिछंदा है यह परम आनंद है" इत्यादि श्रुतिनतैं॥ सुषुप्तिविषैहीं जीवभावसैं विनिर्मुक्त अपनें परदेवतारूपकूं मैं दिखावूंगा। ऐसैं पिता कहैहैं:–हे सोम्य! मेरे कहते हुये स्वप्नांत(सुषुप्ति)कूं विस्पष्ट जान (निश्चयकर)। यह अर्थ है॥ ॥ कब (किसकालविषै) स्वप्नांत होवैहै? यह कहियेहै:–जहां कहिये जिस कालविषै सोवनेवाले पुरुषका लोकविषै प्रसिद्ध "स्वपिति (सोवताहै)" ऐसा यह नाम होवैहै [तब स्वप्नांत होवैहै]॥ ॥ औ गौण यह नाम है। ऐसैं कहैहैं:–जब पुरुष स्वपिति (सोवता है) ऐसैं कहियेहै॥ तब (तिसकालविषै) सत् शब्दके वाच्य प्रकृत परदेवतारूप सत् ब्रह्मके साथि संपन्न (संगत) होवैहै कहिये एकीभूत होवैहै॥ नाम मैंन-

२७८ जीवरूपके होते देवताभाव कैसैं संभवैहै? यह आशंकाकरिके कहैहैं॥

विषै प्रविष्ट अरु मनआदिकके संसर्गकरि किये जीवरूपकूं परित्यागकरिके अपना सत्‌रूप जो परमार्थ सत्य है ताकूं प्राप्त होवैहै। यातैं (तातैं) "स्वपिति (सोवता है)" ऐसैं इसपुरुषकूं लौकिकजन कहतेहैं ॥ [280] जातैं अपने (आत्मा)कूं प्राप्त होवैहै। यातैं गुणि (गौण)नामकी प्रसिद्धितैंबी सुषुप्तिविषै स्वात्माकी प्राप्ति जानियेहै। यह अभिप्राय है ॥ ॥
[281] फेर लौकिकजनोंकूं स्वात्माकी संपत्ति (प्राप्ति) कैसैं प्रसिद्ध है? स्वाप (सुषुप्ति)कूं जाग्रत्‌के

२७९ "तातैं" इस शब्दकी यातैं शब्द व्याख्या है। यातैं तिसकरि योजनाकिये हेतुकूंहीं स्पष्ट करैहैं ॥

२८० "स्वपिति" नामके निर्वचन (अर्थ)के फलकूं दिखावैहैं ॥

२८१ सुषुप्तिविषै मुख्य स्वरूपावस्थानके असंभवतैं [तैसैं हुये] मुक्त होनेकरि अनुत्थानके प्रसंगतैं। स्वरूपावस्थानकी प्रसिद्धिका निमित्त कहनेकूं योग्य है? ऐसैं पूर्ववादी पूंछताहै॥

२८२ ज्वरादिरोगकरि ग्रस्त पुरुषकूं स्वभावकी स्थितिकैं हुये श्रम(खेद)का अभाव प्रसिद्ध है औ सुषुप्ति श्रमके दूरीकरनेका अवस्थान है। तैसैं हुये तहां स्वरूपसैं स्थितिकी प्रसिद्धि अविरुद्ध है। ऐसैं सिद्धांती कहैहैं ॥

श्रमरूप निमित्तकरि उद्भववान् होनेतैं। ऐसैं कहतेहैं ॥कहिये [२८३]जैसैं जाग्रत्विषै पुण्यपापरूप निमित्तवाले सुखदुःखआदिक अनेक आयास (श्रम)नके अनुभवतैं शांत होवैहै औ तातैं आयासकूं प्राप्त अरु अनेक व्यापाररूप निमित्तकरि ग्लानिकूं प्राप्त भये करणोंका स्वव्यापारनतैं उपशाम होवैहै। "[२८४]वाक् श्रमयुक्त होवैहै चक्षु श्रमयुक्त होवैहै" इत्यादि श्रुतितैंबी ॥ [२८५]तैसैं हुये "गृहीत वाक् गृहीत चक्षु गृहीत श्रोत्र गृहीत मन है" इत्यादि श्रुतिवाक्य है [यातैं जब] [२८६]करण प्राणकरि ग्रस्त होवैहैं औ प्राण एक अश्रांत-

२८३ संक्षेपसैं उक्त समाधानकूं विवरण करैहैं ॥

२८४ करणोंकूं अनेक व्यापाररूप निमित्तवाली ग्लानि (खेद) होवैहै। इस अर्थविषै प्रमाणकूं कहैहैं ॥ इहां चकार (औ शब्द) अनुभवके ग्रहणअर्थ है ॥

२८५ सुषुप्तिअवस्थामैं करणोंकी उपरति(लय)विषै प्रमाणकूं कहैहैं ॥

२८६ सुषुप्तिविषै प्राणकेबी वाक्आदिककीन्यांईं उपसंहृत(विलीन)पनेकूं आशंकाकरिके कहैहैं ॥ इहां यह भाव है:-अन्यथा (प्राणके लय हुये) मरणकी भ्रांति होवैगी ॥

हुया जो देहरूप नीडविषै जागताहै। तैंवैं जीव श्रमके दूरीकरनेअर्थ अपने देवतारूप आत्माकूं पावताहै ।[287]स्वरूपविषै अवस्थानतैं अन्यठिकाने श्रमकी निवृत्ति नहीं होवैहै । यातैं "स्वस्वरूप-कूंहीं प्राप्त होवैहै" ऐसी लौकिक जनोंकी प्रसिद्धि युक्त है ॥ [288]जैंतैं लोकविषै ज्वरआदिककरि ग्रस्त अरु ता (ज्वर)की निवृत्तिके हुये स्वात्माविषै स्थित पुरुषनकूं विश्रमण (वि-श्रांति) देखियेहै । तैसैं इहांबी होवैहै। यह युक्त है ॥ औ "[290]तैंहां जैसैं श्येन वा सुपर्ण वि-

२८७ जीवकाबी बाहिर व्यापार होवैगा? ऐसैं जो कहै। सो बनै नहीं:–काहेतैं ऐसैं करणके अभावतैं। ऐसैं कहैहैं ॥

२८८ ननु सुषुप्तिविषै श्रमका निवारण मात्र होवैहै स्व-रूपावस्थान नहीं। तहां किस कारणतैं लौकिकी प्रसिद्धि है? यह आशंकाकरिके कहैहैं ॥

२८९ उक्त अर्थकूं लौकिक दृष्टांतकरि स्पष्ट करैहैं ॥

२९० बृहदारण्यक श्रुतिके आलोचन किये हुयेबी सुषुप्ति अवस्थाविषै दोनूं अवस्थासैं जनित श्रमके निवृत्ति अर्थ ब्र-ह्मरूप नीड (आलय)की प्राप्ति जानिये है। ऐसैं कहैहैं ॥ इहां "तहां" ऐसैं सुषुप्ति अवस्था कहिये है औ यथोक्त अर्थ जो जीवका ब्रह्मविषै अवस्थान है तिसविषै। यह अर्थ

स यथा शकुनिः सूत्रेण प्रबद्धो दिशं

अर्थः—सो जैसैं शकुनि (पक्षी) सूत्रकरि प्रबद्ध हुया दिशा दिशाके प्रति प-

---

परिपतनकरिके (विशेष ऊडिके) श्रांत होवैहै" इत्यादि श्रुतितैं ॥ १ ॥

टीकाः—तहां (सुषुप्तिमैं) यह यथोक्त अर्थविषै दृष्टांत हैः—"सो जैसैं शकुनि" कहिये पक्षियोंके घातका कर्त्ता पक्षी। सो हस्तगत सूत्रकरि प्रबद्ध (पासयुक्त) हुया दिशा दिशाके प्रति बंधनतैं मोक्षका अर्थी हुया प्रतिदिशाकेप्रति पतन होयके बंधनतैं अन्यठिकाने आयतन (विश्रमणके अर्थ आश्रय) कूं नपायके बंधन (बंधनके स्थान हस्तादिक)-कूंहीं आश्रय करैहै ॥ ऐसैंहीं कहिये जैसैं यह दृष्टांत है तैसैं निश्चयकरि हे सोम्य!

है औ स (सो) शब्द दृष्टांतरूप विषय(अर्थ)वाला है वा शकुनिरूप विषय(अर्थ)वाला है ॥

दिशं पतित्वाऽन्यत्रायतनमलब्ध्वा ब-
न्धनमेवोपश्रयत एवमेव खलु सोम्य!

तन होयके अन्यठिकाने आयतन (आ-
श्रय)कूं न पायके बंधनकूंहीं आश्रय करैहै।
ऐसेंहीं कहिये जैसें यह दृष्टांत है तैसें नि-
श्चयकरि हे सोम्य! सो मन दिशा दि-

सो मन [इहां सो प्रकृत षोडशकलावाला अ-
न्नकरि वर्धित मन निर्धारित है। तिसविषै प्र-
विष्ट अरु तिसविषै स्थित अरु तिसकरि उपल-
क्षित जीव "सो मन" ऐसें मंचनके[२९१] पुकारने-
कीन्यांई अजहत् लक्षणकरि निर्देश करियेहै॥
सो मन नामक उपाधिवाला जीव] जाग्रत
अरु स्वप्नविषै अविद्या काम अरु कर्मकरि उप-
देशकरी सुखदुःखादिरूप दिशादिशाकेप्रति
पतन होयके (जायके)। अर्थ यह जोः—अनु-

---

२९१ जैसें मंचके पुकारनेसैं मंचविषै स्थित देवदत्त (पु-
रुषविशेष) अजहति लक्षणासैं जानियेहै। तैसें "सो मन"
इस शब्दकरि मनविषै स्थित जीव लक्ष्य होवैहै। ऐसें कहैहैं॥

तन्मनो दिशं दिशं पतित्वाऽन्यत्रायतनमलब्ध्वा प्राणमेवोपश्रयते प्राणबन्धनꣳ हि सोम्य! मन इति ॥ २ ॥

शाके प्रति पतन होयके अन्यठिकाने आयतनकूं न पायके प्राणकूंहीं आश्रय करैहै। हे सोम्य! जातैं प्राणरूप बंधनवाला मन है ऐसैं ॥ २ ॥

भवकरिके। सत् नामक स्वात्मातैं अन्यठिकाने आयतन (विश्रांतिके स्थान)कूं अप्राप्तहोयके प्राणकूंहीं [इहां सर्व कार्यकरणके आश्रय प्राणकरि उपलक्षित सत्नामवाली परादेवता "प्राण" ऐसैं कहियेहै। काहेतैं "[292]प्राणका प्राण। प्राणरूप शरीरवाला भारूप है" इत्यादि श्रुतितैं॥ [293]यातैं तिस प्रा-

२९२ केवल प्रकरणतैं प्राण शब्दकरि परादेवता नहीं लखिये है किंतु अन्य ठिकाने प्रयोगके देखनेतैं बी लखियेहै। ऐसैं कहैहैं ॥

२९३ प्राणशब्दकरि परदेवताकी लक्षणाके हुये फलितकूं कहैहैं ॥

अशनापिपासे मे सोम्य! विजानी-

अर्थः—हे सोम्य! क्षुधा तृषाकूं मेरे क-

ण [नामक देवतारूप प्राणकूंहीं] आश्रय करैहै ॥ प्राण है बंधन जिस मनका सो मन प्राणबंधन[२९४] (प्राणरूप बंधनवाला) है ॥ जातैं हे सोम्य! ऐसा मन है कहिये प्राणकरि उपलक्षित परदेवतारूप आश्रयवाला मन है। यातैं तिस (मन)करि उपलक्षित जीव है ॥२॥

टीकाः—ऐसैं[२९५] "स्वपिति (सोवता है)" इस नामकी प्रसिद्धिरूप द्वारकरि जो जीवका सत्यस्वरूप जगत्का मूल है सो पुत्रकूं दिखायके। अब अन्नादि[२९६] कार्यकारणकी परंपरासैंबी

---

२९४ विज्ञानात्मा (साभासबुद्धिरूप जीव) प्राणकूंहीं आश्रय करैहै ॥ इस अर्थविषै हेतुकूं कहैहैं ॥

२९५ वृत्त (उक्त अर्थ)कूं अनुवादकरिके अनंतरके वाक्यकूं उठावते हैं ॥ इहां कहते भये अशना पिपासाकूं हे सोम्य! इत्यादि। यह शेष है ॥

२९६ किस अभिप्रायवाले हुये पिता पुत्रके प्रति ऐसैं क-

हीति यत्रैतत्पुरुषोऽशिशिषति नामाऽऽप एव तदशितं नयन्ते। तद्यथा गोनायो-

---

हतेहुये विशेषकरि जानऐसैं ॥ जहां पुरुष "अशिशिषति (अशनकरनेकूं इच्छताहै)" यह नाम होवैहै । जलहीं तिस अशित (भुक्त अन्न)कूं ले जातेहैं ॥ सो तहां जैसैं

जगत्के मूल सत्कूं दिखावनेकूं इच्छते हुये पिता पुत्रकूं कहैहैंः—हे सोम्य! अँशना पिपासाकूं जाना अशन (भोजन) करनेकूं जो

हते भये ? इस आकांक्षाके हुये कहैहैं ॥ इहां यह अर्थ हैः— अन्नादिक कार्य हैं औ कारण जल आदिक हैं तिनकी जो परंपरा है तिसकरि बी जगत्का जो सत्रूप मूल है ताकूं दिखावनेकूं इच्छते हुये पिता पुत्रके प्रति "अशना" इत्यादिक वाक्यकूं कहैहैं ॥

२९७ "अशना" इस पदकूं सन् प्रत्ययरूप अन्तवान्ताके अभावके हुयेबी ता(सन्प्रत्यय)का अर्थ कैसैं व्याख्यान करियेहै ? तहां कहैहैं ॥ इहां यह अर्थ हैः—य(या)कारके लोपकरि इस प्रयोगविषै सन् प्रत्यय निषेध कियाहै । तैसैं हुये । ता (सन्प्रत्यय)के अर्थकी उक्ति अविरुद्ध है ॥

ऽश्वनायः पुरुषनाय इत्येवं तदप आच-
क्षतेऽशनायेति । तत्रैतच्छुङ्गमुत्पतितꣳ

गोनाय अश्वनाय पुरुषनाय है। ऐसैं तब
जलोंकूं "अशनाया" ऐसैं कहतेहैं ॥ तहां
हे सोम्य! इस उत्पन्नभये शुङ्ग (देहरूप-

इच्छा सो [या अक्षरके लोपकरि] अशना है
अरु पानकरनेकूं जो इच्छा है सो पिपासा है।
तिन अशना पिपासाकूं (क्षुधा तृषाकूं)। अर्थ
यह जोः—क्षुधातृषाके स्वरूपकूं। मेरे कहते हु-
ये विस्पष्ट जानः—जैंहां[२९८] (जिसकालविषे) यह
(नाम) जैसैं होवै तैसैं पुरुष होवैहै ॥ ॥ सो
(नाम) क्या है कि! "अशिशिषति[२९९] (अश-

---

२९८ तहां क्षुधा तृषाके स्वरूपकूं विज्ञापन करैहैं ॥

२९९ सामान्यकरि उक्त नामकूं विशेषकरि जाननेकूं पू-
र्ववादी पूंछता है ॥ इहां जो कठिन अन्न पुरुषनैं भक्षण किया
ताकूं पान किये जल परिणामकूं प्राप्त करैहैं (पलटावते हैं)।
ऐसैं संबंध है औ "तब" ऐसैं परिणाम अवस्थाकी उक्ति है
औ "अथ" ऐसैं भुक्त अन्नकी जीर्णतातैं अनंतरता कहियेहै ॥

सोम्य! विजानीहि । नेदममूलं भविष्यतीति ॥ ३ ॥

कार्य)कूं विस्पष्ट जान । यह अमूल नहीं होवैगा ऐसैं ॥ ३ ॥

न करनेकूं इच्छताहै)" ऐसा ॥ ॥ तब तिसपुरुषका किसनिमित्तवाला यह नाम होवैहै ? यह कहैहैं:-जिस तिस पुरुषकरि भक्षित कठिन अन्नकूं पानकिये जलहीं लेजातेहैं। कहिये द्रवरूपकरिके (पिगलायके) रसादिभावसैं विपरिणामकूं प्राप्त करैहैं । तब भुक्त अन्न जीर्ण होवैहै (पाचित होवैहै) औ अनंतर इस पुरुषका "अशिशिषति (अशन करनेकूं इच्छता है)" ऐसा गौण नाम होवैहै । ^२००^तातैं अन्नके जीर्ण हुये सर्वहीं जंतु अशन करनेकूं इच्छताहै ॥ ^२०१^तैहां जलोंकूं अशित (भुक्त अन्न)का

२०० तब नामकी गौणता कैसैं है ? सो कहैहैं ॥
२०१ "सो जैसैं" इस वाक्यविषै जो तत् (सो) शब्द है

नेता होनेतैं जलोंका "अशनाया" ऐसा नाम प्रसिद्ध है [तिस इस अर्थविषै दृष्टांत कहिये है]:-जैसैं "गोनाय है" कहिये गौकूं लेजाताहै। यातैं गोपाल जो है सो "गोनाय" ऐसैं कहिये है। तैसैं अश्वनकूं लेजाताहै यातैं अश्वपाल जो है सो "अश्वनाय" ऐसैं कहियेहै औ पुरुषनकूं लेजाताहै यातैं राजा वा सेनापति जो है सो "पुरुषनाय" ऐसैं कहियेहै ॥ इसी रीतिसैं तब जलोंकूं लौकिकजन विसर्जनीय(विसर्ग)के लोपकरि "अशनाया" ऐसैं कहतेहैं। तहां ऐसैं हुये पानकिये जलोंकरि रसादिभावसैं प्राप्तकिये भुक्त अन्नकरि

ताके अर्थकूं कहैहैं ॥ इहां इस अर्थविषै दृष्टांत कहियेहै ॥ यह शेष है ॥

२०२ "अशनाया" ऐसा जलोंका आख्यान (नाम) कैसैं है "अशनायाः" ऐसैं जातैं विसर्गसहित नाम कहनेकूं योग्य है? तहां कहैहैं ॥ इहां "तहां" या पदका व्याख्यान। ऐसैं हुये यह है। ताका भुक्त अन्नके नेतापनैके हुये। यह अर्थ है औ जलोंकरि इधर पानकिये जलोंकरि । यह शेष है औ "तहां" ऐसैं शरीरका निर्देश है ॥

तस्य क मूलꣳ स्यादन्यत्रान्नादेवमेव

अर्थः—ताका अन्नतैं अन्यठिकाने कहां मूल होवैगा [अन्न मूल है] ॥ ऐसैंहीं नि-

यह शरीर उत्पादन किया है सो वटकणिका (वटबीज)विषै उत्पतित कहिये उद्गत (ऊंचे-कूं निकसे) अंकुरकीन्यांई शुङ्ग (कार्य) है। हे सोम्य! तिस इस वटादिकके शुङ्गकी-न्यांई उत्पतित (उत्पन्नभये) शरीरनामक शुङ्ग (कार्य)कूं विस्पष्ट जान॥ ॥ क्या तहां जाननेकूं योग्य है? यह कहियेहै, श्रवण करः—यह शरीर शुङ्गकीन्यांईं कार्य होनेतैं अमूल (कारणरहित) नहीं होवैगा॥ ॥ ऐसैं पिताकरि उक्तहुया श्वेतकेतु कहैहैः—॥३॥

टीकाः—जब ऐसैं वटादिकके शुङ्गकीन्यांईं मूलसहित यह शरीर है। तब तिस इस शरी-रका कहां मूल होवैगा? ऐसैं पुत्रकरि पूंछे हुये पिता कहैहैं॥ उद्दालक उवाचः—तिस

खलु सोम्यान्नेन शुङ्गेनापोमूलमन्वि-
च्छाद्भिः सोम्य ! शुङ्गेन तेजोमूलमन्वि-

श्रयकरि हे सोम्य ! अन्नरूप शुङ्ग (कार्य) करि जलरूप मूलकूं जान। हे सोम्य ! जलरूप शुङ्गकरि तेजरूप मूलकूं जान।

(शरीर)का अन्नतैं अन्य ठिकाने कहां मूल होवैगा [कहींबी नहीं ! किंतु] अन्न मूल है। यह अभिप्राय है ॥ ॥ कैसैं[२०२] कि ? जातैं भुक्त अन्न पानकिये जलोंकरि द्रवरूप अरु जठरके अग्निकरि पच्यमान हुया प्रथम धातुरूप रसभावसैं परिणामकूं पावताहै । इसतैं शोणित (रुधिर)। शोणिततैं मांस। मांसतैं मेद (चर्बी)। मेदतैं अस्थि। अस्थिनतैं मज्जा मज्जातैं शुक्र (वीर्य) होवैहै ॥ औ तैसैं योषित् (स्त्री)करि भुक्तअन्न रसआदिकके क्र-

---

२०२ अन्नकी देहकी मूलताकूं आकांक्षापूर्वक उपपादन करैहैं ॥ इहां " तथा (तैसैं) " याका पुरुषकरि भुक्त अन्नकी न्यांई। यह अर्थ है ॥

च्छ। तेजसा सोम्य! शुङ्गेन सन्मूलमन्वि-

हे सोम्य! तेजरूप शुङ्गकरि सत्रूप मू-

मसैं ऐसैं परिणामकूं पायाहुया लोहित (स्त्रीका वीर्यरूप रज) होवैहै ॥ तिस अन्नके कार्य संयुक्त (संयोगकूं प्राप्त भये) अरु ऐसैं प्रतिदिन भुज्यमान अन्नकरि आपूर्यमाण (पूर्ण होनेवाले) शुक्र शोणित (वीर्य रज)करि मृत्तिकाके पिंडनसैं भित्तिकीन्यांई प्रतिदिन वृद्धिकूं प्राप्त अन्नरूप मूलवाला देहरूप शुङ्ग (कार्य) उत्पन्न होवैहै। यह अर्थ है॥ [२०४] ॥औ जो देहरूप शुङ्गका मूल अन्न निर्देश किया। सोबी देहकी न्यांई विनाश अरु उत्पत्तिवाला होनेतैं किसीबी मूलतैं उत्पन्नभया शुङ्ग (कार्य)हीं है। ऐसैं करिके कहैहैं:—जैसैं देहरूप शुङ्ग अन्नरूप मूलवाला है। ऐसैंहीं निश्चयकरि हे सोम्य! अन्नरूप शुङ्ग (कार्यभूत)करि अन्नरूप शु-

२०४ तथापि सत्रूप मूलकी सिद्धि कैसैं होवैहै? यातैं कहैहैं॥

च्छ । सन्मूलाः सोम्येमाः सर्वाः प्रजाः सदायतनाः सत्प्रतिष्ठाः ॥ ४ ॥

लकूं जान हे सोम्य ! ये सर्व प्रजा सत्-रूप मूलवाली सत्‌रूप आयतनवाली सत्-रूप प्रतिष्ठावाली हैं ॥ ४ ॥

ङ्गके जलरूप मूलकूं जान ॥ जलोंकूंबी विनाश अरु उत्पत्तिमान् होनेतैं शुङ्गता (कार्यता) है । ऐसैं करिके हे सोम्य ! जलरूप शुङ्ग (कार्य)करि ताके कारण तेजरूप मूलकूं जान ॥ तेजकूंबी विनाश अरु उत्पत्तिवाला होनेतैं कार्यपना है । ऐसैं करिके हे सोम्य ! तेजरूप शुङ्गकरि सत्‌रूप मूलकूं[२०५] ऐंकेहीं अद्वितीय परमार्थ सत्य जान ॥ जिसैं[२०६]विषै सर्व यह वाणीका आश्रय विकार नाममात्र अनृत ।

---

२०५ सत्‌रूप मूलके वास्तवरूपकूं दिखावैहैं ॥

२०६ ता(सत्)कूं सर्व कल्पनाका अधिष्ठान होनेकरि परिणामवादकूं निराकरण करैहैं ॥

रज्जुविषै सर्पआदिक विकल्पके समूहकीन्यांई [207]अविद्याकरि अध्यस्त है। सो इस जगत्का मूल है॥ यातैं हे सोम्य? सत्रूप मूल (कारण)वालीयां ये स्थावर जंगमरूप सर्व प्रजा हैं॥ वे प्रजा केवल सत्रूप मूलवाली-हीं नहीं किंतु अबी स्थितिकालविषैबी सत्रूप आयतन (आश्रय) वालीयांहीं हैं। [208]जैसें मृत्तिकाकूं अनाश्रयकरिके घटादिककी सत्ता वा स्थिति नहीं है। यातैं प्रजाओंकूं मृत्तिकाकीन्यांई सत्रूप मूलवाली होनेतैं सत् है आयतन (आश्रय) जिनोंका ऐसी जे प्रजा वे सदायतन हैं॥ औ अंतविषै[209] वे प्रजा सत्

२०७ अध्यासविषै मूलकारणकूं कहैहैं॥

२०८ प्रजा सर्व सत्रूप मूलवाली औ सत्रूप आयतन (स्थिति)वाली हैं। ऐसैं उक्त अर्थकूं दृष्टांतकरि प्रतिपादन करैहैं॥

२०९ सत्रूप प्रतिष्ठावाली हैं औ सत्रूप आयतनवाली हैं इन दो पदनके अर्थभेदके अभावकूं आशंकाकरिके कहैहैं॥ इहां यह अर्थ है:—प्रतिष्ठा शब्दकूं लयका वाची होनेतैं औ आयतन शब्दकूं आश्रयरूप विषय (अर्थ)वाला होनेतैं पुनरुक्ति दोष नहीं है॥

अथ यत्रैतत्पुरुषः पिपासति नाम। तेज एव तत्पीतं नयते। तद्यथा गोना-

---

अर्थः—अनंतर जहां पुरुष "पिपासति (पान करनेकूं इच्छताहै)" यह नाम होवैहै। तेजहीं तब पानकियेकूं लेजाताहै॥ तहां

प्रतिष्ठा हैं कहिये सत् है प्रतिष्ठा (लय [३१०]समाप्ति [३११]अवसान [३१२]परिशेष) जिनोंका ऐसी जे प्रजा वे सत् प्रतिष्ठा हैं॥ ४॥

टीकाः—अब जलरूप शुङ्गद्वारा सत्रूप मू-

---

३१० लय शब्दकी सुषुप्ति आदिक विषय(अर्थ)वानताकूं निवारण करैहैं॥

३११ सम्यक् जो आप्ति (प्राप्ति) सो समाप्ति है। ऐसैं प्राप्ति इहां विवक्षित होवैगी? इस शंकाकूं निवारण करैहैं॥

३१२ ता(अवसानरूप अंत)कूं अभावरूप होनेकरि[प्राप्त] तुच्छरूपताकूं निवारण करैहैं॥ इहां अन्न नामवाले शुङ्ग (कार्य) द्वारा सत्रूप मूलके निश्चयके अनंतर। यह अथ (अब) शब्दका अर्थ है औ "पिपासति (पानकरनेकूं इच्छताहै)" यह नाम कहिये इस नामवाला पुरुष। जिस काल-विषै होवैहै। ऐसैं योजना है॥

योऽश्वनायः पुरुषनाय इत्येवं तत्तेज आचष्ट उदन्येति। तत्रैतदेव शुङ्गमुत्प-

---

जैसैं गोनाय अश्वनाय पुरुषनाय है। ऐसैं तिस तेजकूं "उदन्या (उदकनाय)" ऐसैं कहतेहैं ॥ हे सोम्य! तिसीहीं उत्पन्नभये

लका अनुगम (निश्चय) करनेकूं योग्य है। ऐसैं कहैहैं:—जहां (जिसकालविषै) "पिपासति (पान करनेकूं इच्छताहै)" ऐसा यह नाम जैसैं होवै तैसैं पुरुष होवैहै (यह नाम पुरुषका होवैहै)॥ "अशिशिषति (अशन करनेकूं इच्छताहै)" याकी न्यांई यहबी गौणहीं नाम होवैहै ॥ [३१३]द्रवैरूपकिये भुक्त अन्नके नेता (लेजानेवाले) जल अन्नके कार्य देहकूं क्लेदन (आर्द्रभाव) करतेहुये शिथिल करैहैं। जलकी बहुलतातैं जब तेजकरि शोषकूं नहीं प्रा-

---

३१३ "पिपासति" यह नाम पुरुषका गौण कैसैं है? यह आशंकाकरिके कहैहैं ॥

तितᳫ सोम्य ! विजानीहि । नेदममूलं भविष्यतीति ॥ ५ ॥

शुङ्गकूं विस्पष्टजान । यह अमूल नहीं होवैगा ॥ ५ ॥

तहोवैहै तब ॥ औ [214]अत्यंत तेजकरि शोष्यमाण (शुष्क भये) अरु देहभावकरि परिणामकूं पावनेवाले जलोंके हुये पुरुषकूं पानकरनेकी इच्छा उपजती है। तब पुरुष "पिपासति (पानकरनेकूं इच्छता है)" इस नामवाला होवैहै ॥ [215]सो यह कहैहैं:—तेजहीं तब पान किये जल आदिककूं शोषण करता हुया देहगत रुधिर अरु प्राणभावकरि लेजाता है (परिणामकूं प्राप्त करैहै) ॥ सो जैसें "गोनाय" इत्यादि स-

---

२१४ जलोंकी तेजकरि शोष्यमाणता (शुष्कता) होइ। तितनेकरि क्या होवैहै? यह आशंकाकरिके कहैहैं ॥ इहां "तब" याका पानकी इच्छाकी अवस्थाविषै। यह अर्थ है ॥

२१५ तेजकूं जो उदकका नेतापना कहा। तहां श्रुतिकूं अवतार देके व्याख्यान करैहैं ॥

तस्य क्व मूलꣳ स्यादन्यत्राद्भयोऽद्भिः

अर्थः–ता (शरीर) का जलतैं अन्य ठिकाने कहां मूल होवैगा [जल मूल है]॥

मान है॥ तिस तेजकूं लोक "उदन्या"[२१६] ऐसैं कहताहै॥ उदककूं लेजाताहै यातैं तेज "उदन्य" है। इहां "उदन्या" ऐसा यह छांदस पाठ है॥ तहांबी [२१७]पूर्वकी न्यांई॥ [२१८]जैसें-काबी यहहीं शरीर नामवाला शुङ्ग (कार्य) है। अन्य नहीं। इत्यादि अन्य समान है॥ ५॥

टीकाः–[२१९]सामर्थ्यतैं तेजकाबी यहहीं शरीर-

२१६ "उदन्य" ऐसैं तेजकूं कहनेकी योग्यताके हुये ताकूं "उदन्या" यह कैसैं कहा? तहां कहैहैं॥ इहां "तहांबी" याका तेजविषैबी। यह अर्थ है॥

२१७ जैसैं "अशनाया" यह छांदस (वैदिक) पद है। तैसैं तेजविषै "उदन्या" यहबी छांदस पद हीं है। ऐसैं कहैहैं॥

२१८ अन्नद्वारा सत्रूप मूलके निश्चयकीन्यांई। जलद्वाराबी ताका निश्चय होवैहै। ऐसैं कहैहैं॥

२१९ तेजरूप कार्यद्वाराबी सत्रूप मूलका निश्चय होवैहै।

सोम्य! शुङ्गेन तेजोमूलमन्विच्छ। तेजसा सोम्य! शुङ्गेन सन्मूलमन्विच्छ। सन्मू-

---

हे सोम्य! जलरूप शुङ्गकरि तेजरूप मूलकूं जान। हे सोम्य! तेजरूप शुङ्गकरि

नामक शुङ्ग (कार्य) है॥ यातैं जलके शुङ्ग देहकरि जलरूप मूल जानियेहै। जलरूप शुङ्गकरि तेजरूप मूल जानियेहै। तेजरूप शुङ्गकरि सत्‌रूप मूल जानियेहै। [320] पूर्वकी-न्यांई॥ [321] ऐसैंहीं तेज जल अरु अन्नमय वाचा-

---

ऐसैं कहैहैं॥ इहां "सामर्थ्यतैं" याका त्रिवृत्करणके वशतैं। यह अर्थ है॥ औ शरीरकी तीन भूतनकी कार्यता "यातैं" शब्दका अर्थ है॥

३२० जैसैं पूर्व अन्नके शुङ्ग (कार्य) देहकरि अन्ननामक मूल जानियेहै। इत्यादि व्याख्यान किया॥ तैसैं तेजके शुङ्ग देहकरि तेजरूप मूल जानियेहै। इत्यादि व्याख्यान करनेकूं योग्य है। ऐसैं कहैहैं॥

३२१ वृत्तके अनुवादपूर्वक "यथा (जैसैं)" इत्यादि वाक्यकूं ग्रहण करैहैं॥ इहां उक्त रीतिसैं दो नामोंकी प्रसि-द्धिरूप द्वारकरि यथोक्त देहनामक कार्यके अन्नादिकारणकी

लाः सोम्येमाः सर्व्वाः प्रजाः सदाय-

सत्रूप मूलकूं जान ॥ हे सोम्य! ये सर्व प्रजा सत्रूप मूलवाली सत्रूप आयतन-

---

रंभणमात्र देहरूप शुङ्गके अन्नादिककी परंपराकरि परमार्थ[322] सत्य अभय[323] (त्रासरहित[324]) निरा-[325]

परंपराकरि सत्नामक मूलकूं कहिये उक्तविशेषणवाले सत्रूप मूलकूं जान। ऐसैं उपदेशकरि श्वेतकेतुकूं जनायके व्यवस्थाकरि शरीर एक एक भूतकरि आरंभ किया है। इस आपेक्षाके प्राप्त हुये। इस प्रकरणविषै उपयोग किये तेज आदिकनका स्वस्वभावके अनुसारकरि जो संघातकी वृद्धिका करनेपना प्राप्तभया। सो इहां सर्व शरीरनविषै सर्व भूतनके कार्यके उपलंभतैं व्यवस्थाविषै प्रमाणके अभावतैं दृश्यमान संघातविषै किस भूतका कितना कार्य है। इस अपेक्षाके हुये "अन्न अशित (भुक्त)" इत्यादि वाक्यविषै उक्तहीं देखनेकूं योग्य है। ऐसैं पूर्वोक्तकूं उपदेश करैहैं। ऐसैं योजनाहै॥

३२२ सत्रूप मूलकी व्यवहारसत्यताकूं निवारण करैहैं॥

३२३ वस्तुतैं अविद्याका संबंध ताकूं नहीं है। ऐसैं कहैहैं॥

३२४ अविद्याके कार्यका संबंधबी परमार्थतैं ताकूं नहीं है। ऐसैं कहैहैं॥

३२५ दोनूंसैं संबंधके अभाव हुये निवृत्तनिखिल दुःखवाला होनेकरि परमानंदरूपता (अनायास सुखरूपता)की सिद्धि होवैहै। ऐसैं कहैहैं॥

तन्नाः सत्प्रतिष्ठा यथा तु खलु सोम्येमास्तिस्रो देवताः पुरुषं प्राप्य त्रिवृत्त्रि-

---

वाली सत्‌रूपप्रतिष्ठावाली हैं ॥ ॥ जैसैं निश्चयकरि हे सोम्य! ये तीन (तेज आदिक) देवता पुरुषकूं पायके त्रिवृत् त्रिवृत्

यास (अखेद) सत्‌रूप मूलकूं जान ॥ ॥ ऐसैं "अशीशिषति" अरु "पिपासति" इन दो नामोंकी प्रसिद्धिरूप द्वारकरि जनायके। जो अन्य इहां इस प्रकरणविषै पुरुषकरि उपयोग किये तेज जल अरु अन्नका कार्यकरणके संघात देहरूप शुङ्गका स्वजातिके अमिश्रभावकरि वृद्धिकरपना कहनेकूं योग्य प्राप्तभया था सो इहां कथनकियाहीं देखनेकूं योग्य है। ऐसैं पूर्व उक्तकूं उपदेश करैहैं:—जैसैं निश्चयकरि जिसप्रकारसैं ये तेज जल अरु अन्ननामवाली तीन देवता पुरुषकूं पायके त्रिवृत् त्रिवृत् एक एक होवैहै। सो पूर्वतैंहीं कथनकिया होवैहै "भुक्त अन्न

वृदेकैका भवति तदुक्तं पुरस्तादेव भव-

एक एक होवैहै सो पूर्वहीं उक्त होवैहै ॥

तीन प्रकारसैं विभक्त होवैहै" इत्यादि । तहां[३२६]-हीं कहैहैं:-भोजन[३२७]किये अन्नादिकनके जे मध्यम धातु होवैहैं वे सप्तधातुनके संघातरूप शरीरकूं बढावतेहैं । ऐसैं कहा ॥ मांस होवैहै । लोहित होवैहै । मज्जा होवैहै । अस्थि होवैहै ॥ औ जे अत्यंत सूक्ष्मधातु हैं वे मन प्राण अरु वाक्रूप देहके भीतर करणोंके संघातकूं बढावतेहैं । ऐसैं कहा:-"सो मन होवैहै । सो प्राण होवैहै । सो वाक् होवैहै । ऐसैं ॥ ॥ सो[३२८] यह

---

३२६ पूर्वोक्तकूंहीं स्पष्ट करैहैं ॥

३२७ क्या सो " अन्न अशित " इत्यादि वाक्यविषै कहाहै ? तहां कहैहैं ॥ इहां "सप्तधातुक" याका त्वचा रुधिर मांस मेद मज्जा अस्थि अरु शुक्र इन नामोंवाले सप्त धातु हैं तिनके संघातरूप [शरीरकूं] यह अर्थ है ॥

३२८ तेज जल अरु अन्नके कार्यभूत देहरूप शुङ्गद्वारा सत् तत्व निरूपण किया । अब मरणरूप द्वारकरिकै ताकूं

त्यस्य सोम्य! पुरुषस्य प्रयतो वाङ्मन-
सि संपद्यते। मनः प्राणे। प्राणस्तेज-

हे सोम्य! इस मरनेवाले पुरुषकी वाक्
मनविषै संपन्न (लीन) होवैहै। मन प्रा-

प्राण अरु करणोंका संघात। देहके नाश हुये
देहांतरकेप्रति जीवकूं आश्रित हुया जिस क्र-
मसैं छूटगये पूर्वदेहतैं देहांतरकेप्रति गमन
करैहै तिस (क्रमकीन्याांई गमन)कूं कहैहैः-
हे सोम्य! मरनेवाले इस पुरुषकी वाक्
मनविषै प्राप्त होवैहै (लीन होवैहै)। तब
ज्ञाति " नहीं बोलताहै " ऐसैं कहतेहैं। जैतैं
मनःपूर्वक वाणीका व्यापार होवैहै " जिसकूं

निरूपण करनेकूं आरंभ करैहैं॥ "ताकूं कहैहैं" इस ठिकानै
क्रमकी न्याांई गमन तत् (ताकूं) ऐसैं कहा॥

२२९ वाणीके व्यापारके मनविषै लयमैं हेतुकूं कहैहैं॥
इहां प्राणकी संपत्ति जो है सो मनकूं तिस (प्राण)की अधी-
नता है औ मनके व्यापारकी निवृत्तिकी अवस्था "तब" ऐसैं
कहियेहै "औ प्राण तत्र" ऐसैं अविज्ञानावस्था कहियेहै॥

सि। तेजः परस्यां देवतायाम् ॥ ६ ॥

णविषै । प्राण तेजविषै । तेज परदेवता-
विषै ॥ ६ ॥

मनसैं ध्यावता है तिसकूं वाणीसैं बोलताहै "
इस श्रुतितैं ॥ वाक्के मनविषै लय हुये मन जो
है सो केवल मननरूप व्यापारकरि वर्त्तता है॥
मनबी जब उपसंहार(लय)कूं पावताहै तब
मन सुषुप्तिकालकीन्यांई प्राणविषै प्राप्त (ली-
न) होवैहै ॥ तब पार्श्वविषै स्थित (बाजूमैं बै-
ठे) ज्ञाति (संबंधी) " नहीं जानताहै " ऐसैं
कहतेहैं ॥ औ प्राण तब ऊर्ध्वोच्छ्वासी (ऊंचे
श्वासवाला) अरु स्वात्माविषै विलीनभये बाह्य
करणवाला हुया संवर्ग[३२०]विद्याविषै देखनेतैं हस्त-

---

३२० प्राणकूं स्वात्माविषै उपसंहार किये बाह्यकरणवा-
न्ता कैसैं है ? सो कहैहैं ॥ इहां तहां जातैं प्राण वाक् आ-
दिकनकूं ग्रसण करैहै ऐसैं देख्याहै । यातैं ताकूं स्वात्माविषै
उपसंहार किये करणवान्पना (करणोंके विलयकी कारकता)

पादआदिकनकूं विक्षेपयुक्त करताहुया मर्मस्थानोंकूं भेदनकरते हुयेकीन्यांई उत्सर्जन (देहका त्याग) करता हुया क्रमसैं उपसंहारकूं प्राप्त हुया तेजविषै प्राप्त (लीन) होवैहै ॥ तव ज्ञाति "नहीं चलताहै" ऐसैं कहतेहैं ॥ फेर मृतभया वा नहीं। ऐसा संशय करतेहुये देहकूं आलंभमान (स्पर्श करते) हुये औ उष्णकूं जानते हुये "देह उष्ण हुया जीवताहै" ऐसैं कहते हैं ॥ जब सो उष्णतारूप लिंगवाला तेजबी उपसंहारकूं पावताहै। तब सो तेजबी परदेवताविषै प्रशमन (विलय)कूं पावताहै ॥ [२३१] तिसविषै ऐसैं क्रमकरि तेजके उपसंहार हुये औ मनके स्वमू-

---

युक्त है। यह अर्थ है औ "तेजविषै" ऐसैं भौतिक आध्यात्मिक (संघातविषै होनेवाला परिच्छिन्न) तेज ग्रहण करियेहै औ जीवता है ऐसैं कहतेहैं। इस रीतिसैं संबंधहै ॥

२३१ करणसहित अरु प्राणसहित भूतसर्गके परदेवताविषै उक्त क्रमसैं उपसंहारके हुयेबी जीवकूं क्या आया ? यह आशंकाकरिके कहैहैं ॥ " तब ऐसैं " याका तिस परदेवताविषै उक्त क्रमसैं तेजके उपसंहार (लय) हुये। यह अर्थ है औ स्वमूल कहिये मनका मूल भूतपंचक ताकूं औ निमित्तके उपसंहारतैं। इस ठिकाने निमित्त मन विवक्षित है ॥

लकूं प्राप्त हुये तिस (मन) विषै स्थितजीवबी सुषुप्तिकालकीन्यांई निमित्तके उपसंहारतैं उपसंहारकूं प्राप्तहुया जब सत्यअभिसंधिपूर्वक उपसंहारकूं पावताहै तब सत्कूंहीं पावताहै। फेर देहांतरकेअर्थ सुषुप्तितैं उत्थितकीन्यांई उत्थानकूं पावता नहीं॥ जैसें[222] लोकविषै भयसहित देशविषै वर्त्तमान पुरुष किसी प्रकारसैंबीहीं अभय देशकूं प्राप्त होवै। ताकीन्यांई॥ औ इतर[223] (मिथ्याभिसंधिवाला) अनात्मज्ञ(अज्ञानी) तो तिसी मूलतैं सुषुप्तितैं उत्थितकीन्यांई उत्थानकूं पायके मरिके फेर देहजालके प्रति प्रवेश करता है॥ जिस मूलतैं उत्थान करिके जीव देहके प्रति प्रवेश करताहै॥ ६॥

---

२२२ सत्कूं प्राप्त भये सत्याभिसंधि (सत्यप्रतिज्ञावाले)का फेरि उत्थान नहीं है। यह दृष्टांतकरि स्पष्ट करैहैं॥ इहां अभय देशकूं प्राप्त भया फेर सभय देशकेप्रति गमन करनेकूं इच्छता नहीं। यह शेष है॥

२२३ औ जो अनृताभिसंध (असत्यप्रतिज्ञावाला) है सो यथोक्त रीतिकरि सत्कूं प्राप्त नहीं भया ताकेप्रति कहैहैं॥ इहां "याका" इस षष्ठीकरि सर्व जगत् कहा औ असंसारी वा संसारी ऐसें पदच्छेद है॥

स य एषोऽणिमैतदात्म्यमिदꣳ सर्वं

अर्थः-सो जो यह अणिमा है। ऐत-दात्म्य (इसकरि आत्मावाला) यह सर्व

टीकाः-सो जो सत्नामवाला यह (उक्त) अणिमा (अणुभावरूप जगत्का मूल) है ऐत-दात्म्य (इसकरि आत्मावाला)कहिये यह सत् है आत्मा जिस सर्वका सो एतदात्म है। ति-सका (इस आत्मावालेका) जो भाव सो ऐत-दात्म्य है। नाम इस सत्नामवाले आत्माकरि आत्मावाला यह सर्व जगत् है। अन्य संसा-री इस (जगत्)का आत्मा नहीं है। काहेतैं "इस (ब्रह्म)तैं अन्य द्रष्टा नहीं है। इसतैं अन्य श्रोता नहीं है" इत्यादि अन्य श्रुतितैं ॥ औ जिस आत्माकरि आत्मावाला सर्व यह जगत है सोई सत्नामवाला कारण सत्य है कहिये [२३४]परमार्थ सत् है॥ यातैं जगत्का सोई आत्मा है

२३४ मूलआदिकतैं विशेषकूं दिखावै हैं॥

तत्सत्य॰ स आत्मा "तत्त्वमसि" श्वेत-
केतो! इति ॥ भूय एव मा भगवान् विज्ञा-

है। सो सत्य है। सो [इसजगत्का] आ-
त्मा है। हे श्वेतकेतो! "तत्वमसि (सो तूं
हैं)" ऐसें [पिता कहतेभये] ॥ ॥ श्वे-

कहिये प्रत्यक्‌स्वरूप सतत्व[225] (वास्तविक) [226]यौ-
थात्म्य (रूप) है। काहेतैं उपपदरहित [227]आत्म-
शब्दकूं गौआदिक शब्दकी न्यांई प्रत्यगात्मा-
विषै निरूढ (संकेतसैं वर्त्तनेवाला) होनेतैं ॥
[228]यातैं हे श्वेतकेतो! "तत्वमसि (सो सत् तूं
हैं)" ऐसैं ॥ ॥ इसरीतिसैं प्रतीतिकूं प्राप्तकि-
या पुत्र कहैहै ॥ श्वेतकेतुरुवाचः—हे भगवन्!

---

२२५ कल्पित जगत्‌का स्वरूप प्रत्यगभूत अतात्त्विक (अवास्तविक) है? इस शंकाकूं निवारण करैहैं ॥

२२६ तत्वकरि सहितवी सतत्व कहियेहै? यह आशंका-करिके कहैहैं ॥

२२७ आत्मशब्दका इस अर्थवान्‌पना कैसें जानियेहै? तहां कहैहैं ॥

२२८ सत्‌की आत्मरूपता होहु तिसकरि मेरेकूं तो क्या होवैगा? यह आशंकाकरिके कहैहैं ॥

पयत्विति ॥ तथा सोम्येति होवाच॥७॥

इति षष्ठप्रपाठकस्याष्टमः खंडः ॥ ८ ॥

तकेतुरुवाचः-फेरहीं मुजकूं भगवान् वि-
ज्ञापनकरहू? ऐसैं [पुत्र कहताभया] ॥ ॥
हे सोम्य! तथाऽस्तु। ऐसैं [पिता] कहते
भये ॥ ७ ॥

इति श्री॰मूलभाषा॰षष्ठप्रपा॰अष्टमः खंडः॥८॥

फेरहीं मेरेकूं भगवान् (आप) विज्ञापन क-
रहूं। अर्थ यह जोः-जो तुह्मनैं कहा सो मे-
रेकूं संदेहयुक्त है। कहिये [२३९] दिनादिनविषै सर्व प्रजा
सुषुप्तिमैं सतकूं संपद्यमान (प्राप्त) होवैहैं परंतु
[२४०] जिसैंकरि इस सत्कूं पायके "हम सत्कूं प्राप्तभ-
येहैं" ऐसैं ऊठिके नहीं जानैहैं। तिसकरि संदेह-
युक्त यह है॥ [२४१] यौतैं दृष्टांतकरि मेरेकूं प्रतीति

---

२३९ संदेहकी विषयताकूंहीं श्वेतकेतु विशेषण देताहै॥

२४० संदेहविषै हेतुकूं कहैहै॥ इहां तिसकरि संदेह-
युक्त यह है। ऐसैं पूर्वसैं संबंध है॥

२४१ तब संदेहकी निवृत्ति कैसैं होवैगी? यातैं कहैहै॥

अथ षष्ठप्रपाठकस्य नवमः खंडः ॥९॥
यथा सोम्य! मधु मधुकृतो निस्ति-

अथ श्री॰मूलभाषा॰षष्टप्रपा॰नवमः खंडः ॥ ९ ॥
अथ श्री द्वितीयोपदेशप्रारंभः ॥ २ ॥

अर्थः—उद्दालक उवाच हे सोम्य! जैसैं मधुकर (मधुमक्षिका) मधुकूं उत्पादन

करावहू ॥ ॥ [३४२] ऐसैं उक्त हुये पिता हे सोम्य! तथाऽस्तु। ऐसैं कहते भये ॥ ७ ॥

इति श्री॰ भाष्यभाषा॰ षष्ठप्रपाठकस्या अष्टमः खंडः॥८॥
इति श्रीप्रथमोपदेशःसमाप्तः ॥ १ ॥
अथ श्री॰भाष्यभाषा॰षष्ठप्रपाठकस्य नवमः खंडः॥९॥
मधुदृष्टांतसैं सुषुप्तिमैं सत्प्राप्तिअज्ञानोक्तिकरि सदुपदेश४
अथ श्रीद्वितीयोपदेशप्रारंभः ॥ २ ॥

टीकाः—उद्दालक उवाचः—[३४३] दिनदिनविषै स-

३४२ अब पुत्रकूं प्राप्त संदेहकी निवृत्तिअर्थ उत्तर ग्रंथकूं उद्दालकमुनि उठावते हैं ॥

इति श्री॰षष्ठप्रपाठकगताष्टमखंडस्य टिप्पणम् ॥ ८ ॥
अथ श्री॰षष्ठप्रपाठकगतनवमखंडस्य टिप्पणम् ९
३४३ "जैसैं" इत्यादि दृष्टांतकूं प्रकट करैहैं ॥ इहां ऐसैं

छन्ति। नानाऽत्ययानां वृक्षाणा९ रसान्त्समवहारमेकता९ रसं गमयन्ति॥१॥

करैहैं। नानागतिवाले वृक्षनके रसनकूं इकठे करिके एकताके तांई रसकूं प्राप्त करैहैं ॥ १ ॥

तकूं पायके "हम सतकूं प्राप्तभयेहैं" ऐसैं नहीं जानते हैं। सो (अज्ञान) किस कारणतैं है? ऐसैं जो तूं पूंछताहैं॥ इहां दृष्टांतकूं श्रवणकरः– हे सोम्य! जैसैं[३४७] लोकविषै मधुकूं करैहैं ऐसी जे मधुकर मक्षिका वे मधुकृत् कहियेहैं वे त-

---

योजनाहैः–प्रतिदिन सुषुप्तिविषै सर्व प्रजा सत्कूं पायके "हम सत्कूं प्राप्त भये हैं" ऐसैं जो नहीं जानते हैं सो अज्ञान किस कारणतैं है? ऐसैं जो तूं मेरेकूं पूंछताहैं तहां सुषुप्तिआदिकमैं अज्ञानविषै कारणभूत उच्यमान दृष्टांतकूं तूं श्रवण कर! ॥

३४७ जैसैं सो दृष्टांत स्पष्ट होवैहै। तैसैं कहियेहै। यह कहैहैं॥ इहां फेर मधुपद जो है सो क्रियापदसैं संबंधके दिखावनेअर्थ है॥

ते यथा तत्र न विवेकं लभन्तेऽमु-

अर्थः–वे (रस) जैसैं तहां (मधुविषे)

त्पर हुये मधुकूं उत्पादन करैहैं ॥ ॥ [३४५]कैसैं-
किः–नाना गतिवाले (नानाफलवाले) अरु नानादिशाओंके वृक्षनके रसनकूं ग्रहण करिके [३४६]मधुभावकरि रसनकूं एकभावकूं प्राप्त करैहैं कहिये रसनके [३४७]मधुभावकूं संपादन करैहैं ॥ १ ॥

टीकाः–जैसैं मधुभावकरि एकताकूं प्राप्त भये वे [३४८]रस तहां (मधुविषे) विवेक (भेद)कूं पावते नहीं ॥ कैसैं किः–"मैं अमुक आम्रवृक्षका वा पनसवृक्षका रसहूं" ऐसैं [जा-

---

३४५ मधुकरोंकी मधुकी उत्पादकताकूं आकांक्षापूर्वक दिखावैहैं ॥

३४६ बहुत रसनकी एकता किस प्रकारसैं है? यह आशंकाकरिके कहैहैं ॥

३४७ ताहीकूं स्पष्ट करैहैं ॥

३४८ "वे जैसैं" इत्यादि वाक्यकूं व्याख्यान करैहैं ॥

ष्याहं वृक्षस्य रसोस्म्यमुष्याहं वृक्षस्य रसोऽस्मीत्येवमेव खलु सोम्येमाः स-र्व्वाः प्रजाः सति संपद्य न विदुः सति सम्पद्यामह इति ॥ २ ॥

"मैं अमुकवृक्षका रस हूं। मैं अमुक वृक्षका रस हूं" ऐसैं विवेककूं पावते नहीं ॥ हे सोम्य! ऐसैंहीं निश्चयकरि ये सर्वप्रजा सत्‌विषै प्राप्त होयके "[हम]सत्‌विषै प्राप्त हुये हैं" ऐसैं नहीं जानैंहैं ॥ २ ॥

नते नहीं] ॥ अभिप्राय यह है किः–जैसैंहीं[२४९] लोकविषै वहुत चेतनावाले इकठेभये प्राणिनकूं "मैं अमुकका पुत्रहूं। मैं अमुकका नप्ता (पौत्र) हूं" ऐसैं विवेकका लाभ होवैहै औ वे प्राप्तविवेकवाले हुये संकीर्ण (मिलित) होते नहीं। ऐसैं इहां मधुर आम्ल तिक्त अरु कटुक आदिरूप औ मधुभावकरि एकताकूं प्राप्तभये

---

२४९ उक्त अर्थकूं विपरीत धर्मवाले दृष्टांतकरि स्पष्ट करैहैं ॥ इधर "इहां" ऐसैं प्रकृत दृष्टांतकी उक्ति है ॥

त इह व्याघ्रो वा सिꣳहो वा वृको

अर्थः—वे (प्राणी) इहां (इस लोकविषै) व्याघ्र वा सिंह वा वृक वा वराह वा

अनेक प्रकारके वृक्षनके रसनकावी मधुरादिभावकरि विवेक नहीं ग्रहण करियेहै ॥ जैसैं[350] यह दृष्टांत है । ऐसैंहीं निश्चयकरि हे सोम्य ! ये सर्व प्रजा दिन दिनविषै सुषुप्तिकालमैं औ मरण अरु प्रलयमैं सत्‌विषै प्राप्त होयके "हम सत्‌विषै प्राप्त भये हैं। वा प्राप्त भयेथे" ऐसैं नहीं जानै हैं ॥ २ ॥

टीकाः—औ जैंतैं[351] ऐसैं आत्माकी सतूरूप-

३५० दृष्टांतकूं अनुवादकरिके दार्ष्टांतकूं कहैहैं ॥

३५१ रसनकूं अचेतन होनेकरि विवेकके अयोग्य होनेतैं चेतनावानोंका ऐसैं दृष्टांत किस प्रकारसैं होवैगा ? यह आशंकाकरिके कहैहैं ॥ इहां "ऐसैं" याका यथोक्त रसनके दृष्टांतके वशकरि । यह अर्थ है ॥ औ चेतनोंकूंवी सुषुप्ति आदिकविषै जडताकरि निरुद्ध होनेकरि रसतुल्य होनेतैं तिनकूं विवेकके अयोग्य अवस्थाकी प्राप्तिमात्रके हुये प्रकृत उदाहरण अविरुद्ध है । यह भाव है ॥

वा वराहो वा कीटो वा पतङ्गो वा दँ-शो वा मशको वा यद्यद्भवन्ति तदा भवन्ति ॥ ३ ॥

कीट वा पतंग वा दंश वा मशक जो जो होवैहैं । तब (फेर सत्‌तैं आयके) होवैहैं ॥ ३ ॥

ताकूं न जानिकेहीं सत्‌कूं पावते हैं । यातैं वे प्राणी इसलोकविषै जिस कर्मरूप निमित्तवाली जिस जिस व्याघ्रआदिकनकी जातिकूं "मैं व्याघ्र हूं । मैं सिंह हूं" इस प्रकारसैं प्राप्त होतेभये । वे तिस कर्म ज्ञान (ध्यान) अरु वासनाकरि अंकित (युक्त) हुये सुषुप्तिआदिकमैं सत्‌विषै प्रवेशकूं प्राप्त हुयेबी तिस (व्याघ्रआदिक) भावकरि फेर आयके होतेहैं । कहिये फेर सत्‌तैं आयके व्याघ्र वा सिंह वा वृक वा वराह वा कीट वा पतंग वा दंश वा मशक जो जो पूर्व इस लोकविषै होवैहैं । अर्थ यह जोः—होतेभये । सोई तब (फेर सत्‌तैं

स य एषोऽणिमैतदात्म्यमिदं सर्वं स-

अर्थः—सो जो यह अणिमा है। ऐत-दात्म्य (इसकरि आत्मावाला) यह सर्व

आयके) होवैहैं। अर्थ यह जोः—युगोंके सहस्रकी कोटिनके अंतरायवालीभी संसारी[352] जंतुकी जो पूर्वभावित वासना है सो नाशकूं पावती नहीं॥ काहेतैं "यथाप्रज्ञ (वासना अनुसार)हीं संभव (जन्मवाले) है" इस अन्य श्रुतितैं॥३॥

टीकाः—वे[353] प्रजा जिसविषै प्रवेशकूं पायके फेर आविर्भावकूं पावैहैं औ जे इन (अज्ञजनन)तैं अन्य सत्विषै सत्यआत्माकी अभिसंधिवाले हैं वे जिस अणुभावरूप सत्स्वरूप आत्माकेप्रति प्रवेश करिके फेर आवते नहीं।

३५२ सत्के साथि प्राप्त हुये जीवनकूंबी सो होवैगा? यह आशंकाकरिके कहैहैं॥

३५३ "सो जो यह अणिमा (सूक्ष्मभाव) है" इत्यादि वाक्यकूं अवतार देतेहैं॥ इहां "इनतैं" याका सत्के विज्ञानतैं रहित पुरुषनतैं। यह अर्थ है औ जिस अणुभावकूं। इहां तत् (वे) शब्द अध्याहार करनेकूं योग्य है॥

वैं तत्सत्यᳪ स आत्मा "तत्त्वमसि" श्वे-
तकेतो! इति ॥ भूय एव मा भगवान्

है। सो सत्य है। सो [सर्वजगत्का] आ-
त्मा है। हे श्वेतकेतो! "तत्वमसि (सो तूं
है)" ऐसैं [पिता कहतेभये] ॥ ॥ श्वे-
तकेतुरुवाच:—फेरहीं मेरेकूं भगवान् वि-

सो जो यह अणिमा (अणुभाव)। इत्यादि
पूर्व (अष्टमखंडविषै) व्याख्यान किया है ॥ ॥
श्वेतकेतुरुवाच:—जैसैं[३५४] लोकविषै अपने गृहमैं
सोया पुरुष ऊठिके अन्य ग्रामकूं गया हुया
"मैं स्वगृहतैं आयाहूं" यह जानताहै ॥ ऐसैं
"मैं सत्तैं आयाहूं" ऐसा विज्ञान। सुषुप्ति आ-
दिकतैं ऊठे जंतुनकूं काहेतैं नहीं होवैहै।
यह फेरहीं भगवान् मेरेकूं विज्ञापन कर-
हुं? ॥ ॥ ऐसैं[३५५] उक्त हुये पिता हे सोम्य!

---

३५४ अन्य प्रश्नकूं दृष्टांतके बलतैं श्वेतकेतु उठावताहै ॥
३५५ "सत्तैं मैं आयाहूं" ऐसैं उत्थित पुरुषकूं ज्ञानके

विज्ञापयत्विति ॥ तथा सोम्येति होवाच ॥ ४ ॥

इति षष्ठप्रपाठकस्य नवमः खंडः ॥ ९ ॥

ज्ञापन करहु ? ऐसैं [पुत्र कहता भया] ॥ ॥ हे सोम्य ! तथाऽस्तु । ऐसैं [पिता] कहते भये ॥ ४ ॥

इति श्री॰मूलभाषा॰षष्ठप्रपा॰ नवमः खंडः॥९॥

इति श्रीद्वितीयोपदेशः समाप्तः ॥ २ ॥

तथाऽस्तु । ऐसैं कहते भये ॥ ४ ॥

इति श्री॰ भाष्यभाषा॰ षष्ठप्रपाठकस्य नवमः खंडः ॥९॥

इति श्रीद्वितीयोपदेशः समाप्तः ॥ २ ॥

अभावकूं दृष्टांतकरि उपपादन करनेकूं। श्रुति अनुसार आचार्य उत्तरग्रंथकूं उठावतेहैं ॥

इति श्री॰षष्ठप्रपाठकगतनवमखंडस्य टिप्पणम् ॥ ९ ॥

अथ षष्ठप्रपाठकस्य दशमःखंडः॥१०॥

इमाः सोम्य! नद्यः पुरस्तात्प्राच्यः स्यन्दन्ते पश्चात्प्रतीच्यस्ताः समुद्रा-

---

अथ श्री०मूलभाषा०षष्ठप्रपाठकस्य दशमः खंडः १०

अथ श्रीतृतीयोपदेशप्रारंभः ॥ ३ ॥

अर्थः—उद्दालक उवाचः—हे सोम्य! ये नदियां प्राचीरूप पूर्वतैं वहन करैहैं। प्रतीचीरूप पश्चिमतैं वहन करैहैं। वे समुद्रतैं

अथ श्री०भाष्यभाषा०षष्ठप्रपाठकस्य दशमः खंडः १०

नदीदृष्टांतसैं सदागमनाज्ञानोक्तिकरि सदुपदेश ३

अथ श्रीतृतीयोपदेशप्रारंभः ३

टीकाः—उद्दालक उवाचः—तहां[३५६] (आगमनके अज्ञानविषै) दृष्टांतकूं श्रवण कर! हे सोम्य! जैसैं ये नदीयां प्राची जे पूर्व दिशाके तरफ जानेवाली गंगाआदिक हैं वे

अथ श्री०षष्ठप्रपाठकगतदशमखंडस्य टिप्पणम् १०

३५६ इहां आगमनकी अवधिका अपरिज्ञान "तहां" ऐसैं कहा है ॥

त्समुद्रमेवापि यन्ति। स समुद्र एव भव-
ति। ता यथा तत्र न विदुरियमहमस्मी-
यमहमस्मीति ॥ १ ॥

समुद्रकूंहीं पावतियां हैं। सो समुद्रहीं होवै
है ॥ वे जैसैं तहां "यह मैं हूं। यह मैं हूं"
ऐसैं नहीं जानै हैं ॥ १ ॥

पूर्वतैं कहिये पूर्वदिशाकेप्रति वहनकरैहैं। औ-
पश्चिमदिशाकेप्रति गमन करैहैं ऐसीं जे सिंधु-
आदिक प्रतीची हैं वे पश्चिमतैं कहिये प्र-
तीची (पश्चिम)दिशाकेप्रति वहन करैहैं ॥ वे
समुद्र (अंभोनिधि)तैं जलधरों (बादलों)करि
ऊपर आकर्षित (खींची) हुयी फेर वृष्टिरूपसैं
पतित हुयी गंगाआदिक नदीरूपिणी होयके
फेर समुद्र जो अंभोनिधि ताकूंहीं पावती-
यां हैं। कहिये सो समुद्रहीं होवैहै ॥ वे न-
दीयां जैसैं तहां (समुद्रविषे) समुद्रस्वरूपसैं
एकताकूं प्राप्त हुयी ? यह गंगा मैं हूं। यह य-

एवमेव खलु सोम्येमाः सर्व्वाः प्रजाः सत आगम्य न विदुः सत आगच्छामह इति। त इह व्याघ्रो वा सिंहो वा वृको वा वराहो वा कीटो वा पतङ्गो वा दंशो वा मशको वा यद्यद्भवन्ति तदा भवन्ति ॥ २ ॥

अर्थः—हे सोम्य ! ऐसैंहीं निश्चयकरि ये प्रजा सत्तैं आयके "सत्तैं आये-है" ऐसैं नहीं जानै हैं॥ वे इहां व्याघ्र वा सिंह वा वृक वा वराह वा कीट वा पतंग वा दंश वा मशक जो जो होवैहैं (तब पूर्व होते भये सत्तैं आयके) होवैहैं ॥ २ ॥

मुना मैं हूं औ यह मही मैं हूं" ऐसैं नहीं जानतियां हैं ॥ १ ॥

टीकाः—हे सोम्य ? ऐसैंहीं निश्चयकरि ये सर्व प्रजा जातैं सत्‌विषै प्राप्त होयके नहीं जानैहैं। तिस सत्तैं आयके "हम सत्तैं

स य एषोऽणिमैतदात्म्यमिदꣳ सर्व्वं तत्सत्यꣳ स आत्मा "तत्त्वमसि" श्वेत-

---

अर्थः–सो जो यह आणिमा है। इसकरि आत्मावाला (इसरूप) यह सर्व है। सो सत्य है। सो आत्मा है। हे श्वेतकेतो! "तत्वमसि (सो तूं है)" ऐसैं [पिता कहते-

---

आवतेहैं वा आये हैं" ऐसैं नहीं जानै हैं ॥ वे इहां व्याघ्र। इत्यादि अन्य वाक्य समान है॥ [३५७] जलविषै वीची तरंग फेन बुद्बुदआदिक उठे हुये फेर तिसभाव (जलभाव)कूं प्राप्तहुये विनष्ट (नाशकूं प्राप्त) होवैहैं ॥ ऐसैं लोकविषै देख्या है ॥ जीव तो प्रतिदिन सुषुप्तिविषै औ मरण अरु प्रलयविषै कारणभावके तांईं गमन

---

३५७ अन्य प्रश्नकूं व्याख्यान करैहैं ॥ इहां [वीची] विनष्ट होवैहैं। ऐसैं लोकविषै देख्या है। ऐसैं संबंध है औ जीव तो प्रतिदिन सुषुप्तिअवस्थाविषै औ मरण अरु प्रलयविषै कारणभावके तांईं जाते हुयेबी नहीं नाशकूं पावतेहैं। ऐसा जो है यह सो (सत्) है। ऐसैं योजना है ॥

केतो ! इति ॥ भूय एव मा भगवान् विज्ञापयत्विति ॥ तथा सोम्येति होवाच ॥ ३ ॥

इति षष्ठप्रपाठकस्य दशमः खंडः ॥ १० ॥

भये] ॥ ॥ श्वेतकेतुरुवाचः—फेरहीं मेरेकूं भगवान् विज्ञापन करहू ? ऐसैं [पुत्र पूंछताभया] ॥ ॥ हे सोम्य ! तथाऽस्तु (सो कहताहूं) । ऐसैं [पिता] कहतेभये ॥ ३ ॥

इति श्री०मूलभाषा०षष्ठप्रपाठ०दशमःखंडः १०

इति श्रीतृतीयोपदेशः समाप्तः ॥ ३ ॥

करते (पावते) हुयेबी विनाशकूं पावते नहीं । ऐसा जो है यह सो (सत्) है [२] ॥ ॥ श्वेतकेतुरुवाचः—फेरहीं मेरेकूं भगवान् दृष्टांतकरि विज्ञापन करहूं ? [ऐसैं पुत्र पूंछता भया] हे सोम्य[३५८] ! तथाऽस्तु । ऐसैं पि-

---

३५८ जीवके विनाशकूं शंकाकरनेवाले पुत्रके प्रति बोधन अर्थ उत्तर वाक्यकूं उठावतेहैं ॥

इति श्री०षष्ठप्रपाठकगतदशमखंडस्य टिप्पणम् ॥११॥

अथ षष्ठप्रपाठकस्यैकादशः खंडः॥११॥

अस्य सोम्य! महतो वृक्षस्य यो मू-
लेऽभ्याहन्याज्जीवन् स्रवेद्यो मध्येऽभ्या-

अथ श्री०मूलभाषा०षष्ठप्रपाठकस्यैकादशः खंडः ११

अथ श्रीचतुर्थोपदेशप्रारंभः ॥ ४ ॥

अर्थः—उद्दालक उवाचः—हे सोम्य! इ-
स बडे वृक्षके मूलविषै जो अभिहनन करै
जीवताहुया स्रवै ॥ जो मध्यविषै अभि-

ता कहते भये ॥ २ ॥ ३ ॥

इति श्री०भाष्यभाषा० षष्ठप्रपाठकस्य दशमः खंडः॥१०॥

इति श्रीतृतीयोपदेशः समाप्तः ॥ ३ ॥

अथ श्री०भाष्यभाषा०षष्ठप्रपाठकस्यैकादशः खंडः ११

वृक्षदृष्टांतसैं जीवकी अमरताकरि सदद्वैतोपदेश ३

अथ श्रीचतुर्थोपदेशप्रारंभः ॥ ४ ॥

टीकाः—उद्दालक उवाचः—[३५९]दृष्टांतकूं श्रवण-
कर! हे सोम्य! इस महान् (अनेकशाखा-

अथ श्री०षष्ठप्रपा०एकादशखंडस्य टिप्पणम्॥११॥

३५९ जीवके नाशके अभावकूं कहनेकूं आदिविषै दृष्टां-
तकूं कहैहैं ॥

हन्याज्जीवन्स्रवेद्योऽग्रेऽभ्याहन्याज्जी-
वन् स्रवेत्स एष जीवेनाऽऽत्मनानुप्रभूतः
पेपीयमानो मोदमानस्तिष्ठति ॥ १ ॥

हनन करै जीवताहुया स्रवै । जो अग्रविषै
अभिहनन करै जीवताहुया स्रवै ॥ सो यह
जीवरूप आत्माकरि अनुव्याप्त पेपीयमान
मोदमान स्थित होवैहै ॥ १ ॥

आदिककरि युक्त) वृक्षके मूलविषै [इहां "इ-
सके" यापदकरि आगे स्थितवृक्षकूं दिखावते
हुये कहैहैं] जब जो कोईकबी परशुआदिकक-
रि अभिहनन (घात) करै । तब सो एकवार
घातमात्रकरि नहीं शुष्क होताहै । किंतु जी-
वता हुयाहीं होवैहै । औ ताका रस स्रवता
है ॥ तैसें जो मध्यविषै अभिहनन करै ।
जीवता हुया स्रवताहै ॥ तैसें जो अग्रवि-
षै अभिहनन करै । जीवता हुया स्रवता
है ॥ सो यह वृक्ष अबी जीवरूप आत्मा-

अस्य यदेकाꣳ शाखां जीवो जहा-
त्यथ सा शुष्यति । द्वितीयां जहात्यथ

अर्थः—जब इसकी एक शाखाकूं जीव
त्यागताहै तब सो सूक जातीहै। द्वितीयकूं

करि अनुव्याप्त अरु पेपीयमान कहिये मूल-
नसैं अत्यंत उदककूं पीवता हुया औ भूमिके
रसोंकूं ग्रहण करता हुया औ मोदमान कहि-
ये हर्षकूं पावता हुया स्थित होवैहै ॥ १ ॥

टीकाः—जब तिस इस वृक्षकी रोगग्रस्त
वा वायुकरि आहत एक शाखाकूं जीव त्या-
गताहै कहिये शाखाविषै विशेषकरि प्रसृत
आत्मांश (आपके अंश)कूं उपसंहार करैहै (सं-
कोचताहै)। अनंतर (तब) सो शाखा सूख
जातीहै ॥ जातैं [२६०] वोक्ं मन प्राण अरु करणोंके

---

२६० ननु रोगकरि ग्रस्त वा वायुकरि उपहत शाखाविषै
प्राणके उपसंहारके हुयेबी जीवका उपसंहार काहेतैं संभवै
है? तहां कहैहैं ॥

सा शुष्यति। तृतीयां जहात्यथ सा शुष्यति! सर्वं जहाति सर्वः शुष्यत्ये-

---

त्यागताहै तब सो सूक जातीहै ॥ तृतीयकूं त्यागताहै तब सो सूक जातीहै । सर्वकूं त्यागताहै [तब] सर्व सूकजाताहै ॥ हे सो-

---

ग्रामविषै अनुप्रवेशकूं पाया जीव है। यातैं सो तिन (वाक्‌आदिकन)के उपसंहारके हुये उपसंहारकूं पावताहै ॥ औ प्राणयुक्त जीवकेरि[२६१] भुक्त अरु पीत जो है सो रसभावकूं प्राप्तहुया जीवत् शरीरवाले वृक्षकूं रसरूपसैं बढावताहुया जीवके सद्भावविषै लिंग होवैहै ॥ [२६२] जातैं भुक्त अरु पीतकरि देहविषै जीव स्थित होवैहै औ वे

---

२६१ ननु वृक्षविषै जीवके सद्भावके हुये तहां उपसंहार अरु अनुपसंहार कहनेकूं योग्य हैं। तहां ताका सद्भाव तो किसका किया है? यातैं कहैहैं ॥ इहां रसरूपसैं बढावता हुया। ऐसैं संबंध है ॥

२६२ वृक्षके शरीरविषै जीवके सद्भावके हुये बी यह जीव कदाचित् तिस वृक्षकी एक शाखाकूं क्यूं त्यागताहै? यह आशंकाकरिके कहैहैं ॥

वमेव खलु सोम्य! विद्धीति होवाच॥२॥

म्य! ऐसैंहीं निश्चयकरि जान! ऐसैं [पिता] कहतेभये ॥ २ ॥

भुक्त अरु पीत जीवके कर्मके अनुसारी हैं। यातैं ता (वृक्ष)के एक अंगकी विकलताका निमित्त कर्म जब उपस्थित (प्राप्त) होवैहै। तब जीव एक शाखाकूं त्यागताहै कहिये शाखातैं आपकूं उपसंहार करैहै (संकोचताहै)। अनंतर (तब) सो शाखा सूकजाती है[२६२] ॥ जीवकी स्थितिरूप निमित्तवाला रस जो है सो जीवके उपसंहारके हुये जीवके कर्मकरि आकर्षित हुया नहीं स्थित होवैहै औ रसके नाश हुये शाखा शोषकूं पावती है ॥ तैसैं सर्व (सारे)वृक्षकूंहीं जब यह (जीव) त्यागता है। तब सर्वबी वृ-

---

२६२ जीवके उपसंहार (संकोच)के हुयेबी ताकी शाखा क्यूं सूक जातीहै? तहां कहैहैं ॥ इहां जीवकी स्थिति है निमित्त जिसका ऐसैं विग्रह है औ "तैसैं" याका शाखाविषै उक्त प्रकारकरि। यह अर्थ है ॥

जीवापेतं वाव किलेदं म्रियते न जीवो म्रियत इति। स य एषोऽणिमैत-

---

अर्थः–जीवकरि वियुक्त हुया प्रसिद्ध यह (शरीर) मरताहै। जीव मरता नहीं ऐसैं॥ सो जो यह अणिमा है। इसकरि

क्ष सूकजाता है। [३६४]वृक्षकूं रसके स्रवण अरु शोषणआदिक लिंगतैं जीववान्पना है औ उक्त दृष्टांतकी श्रुतितैं चेतनावाले स्थावर हैं। यातैं बौद्ध अरु कणाद (वैशेषिक)नका मत "अचेतन स्थावर हैं" ऐसा है। यह असार है ऐसैं दिखाया होवैहै ॥ २ ॥

टीकाः–[३६५]जैसैं इस वृक्षरूप दृष्टांतविषै दिखा-

---

३६४ औ जो वैशेषिक अरु वैनाशिक (बौद्ध)नैं स्थावरोंका निर्जीवताकरि अचेतनपना कहाहै। सो यह निरस्त भया। ऐसैं कहैहैं ॥ इहां आदिशब्द वृद्धि अरु मोद आदिकके ग्रहणअर्थ है औ "सो यह वृक्ष जीवरूप आत्माकरि अनुप्रभूत (अनुव्याप्त) है" यह दृष्टांतकी प्रतिपादक श्रुति है॥

३६५ श्रुतिउक्त दृष्टांतविषै विवक्षित अर्थकूं अनुवादकरिके दार्ष्टांतिककूं कहैहैं ॥

दात्म्यमिदꣳ सर्वं तत्सत्यꣳ स आत्मा "तत्त्वमसि" श्वेतकेतो! इति ॥ भूय एव

आत्मावाला यह सर्व है। सो सत्य है। सो आत्मा है। हे श्वेतकेतो! "तत्वमसि (सो तूं है)" ऐसैं [पिता कहतेभये] ॥ ॥ श्वे-

या किः—जीवकरि युक्त वृक्ष अशुष्क अरु रसपानआदिककरि युक्त हुया जीवता है ऐसैं कहियेहै औ तिस (जीव)करि त्यक्त हुया मरता है ऐसैं कहियेहै ॥ हे सोम्य! ऐसैंहीं निश्चयकरि जान! इस रीतिसैं पिता कहते भयेः—जीवकरि अपेत (वियुक्त) हुया प्रसिद्ध यह (शरीर) मरता है जीव मरता नहीं ऐसैं ॥ औ [३६६]कार्यशेषके होते सुषुप्तितैं ऊ-

३६६ जीवके सुषुप्तिविषै नाशके अभावमैं अन्य हेतुकूं कहैहैं ॥ इहां यह अर्थ हैः—ता (कार्यशेष)के होते सुषुप्त होयके फेर ऊठे पुरुषकूं कार्यका शेष है जिस कर्मविषै सो यह मेरा असमाप्त भया। ऐसैं स्मरण करिके ताके समाप्तकरनेके देखनेतैं सुषुप्तिविषै जीव नाशकूं पावता नहीं ॥

मा भगवान् विज्ञापयत्विति ॥ तथा सोम्येति होवाच ॥ ३ ॥

इति षष्ठप्रपाठकस्यैकादशः खंडः ॥ ११ ॥

तकेतुरुवाचः—फेरहीं मेरेकूं भगवान् विज्ञापन करहू? ऐसैं [पुत्र पूंछताभया] ॥ ॥ हे सोम्य! तथाऽस्तु (सो कहताहूं)। ऐसैं [पिता] कहतेभये ॥ ३ ॥

इति श्री०मूलभा०षष्ठप्रपा०एकादशःखंडः॥११॥

इति श्री चतुर्थोपदेशः समाप्तः ॥ ४ ॥

ठे पुरुषकूं "मेरा यह कार्यशेषवाला कर्म असमाप्त भया है" ऐसैं स्मरण करिके ता कार्यकी समाप्तिके देखनेतैं औ जैंतमात्र (जन्ममात्रकूं प्राप्त भये) जंतुनकूं माताके स्तनविषै होनेवाले दुग्धके अभिलाष अरु भयआदिकके देखनेतैंहीं अतीत (गत) जन्मांतरोंविषै अनुभूत

---

२६७ मरणकालविषै ता (जीव)के नाशके अभावविषै अन्य हेतुकूं कहैहैं ॥ इहां प्रथम चकार (औ शब्द) समुच्चय (अनुक्तके ग्रहणरूप अर्थ) विषै है औ द्वितीय [चकार] अवधारण (निश्चयरूप अर्थ)विषै है ॥

स्तनपान अरु दुःखके अनुभवतैं जन्य स्मृति जानियेहै औ [368]अग्निहोत्रादिक वैदिककर्मौंकूं अर्थवाले (सफल) होनेतैं जीव मरता नहीं इति ॥ सो जो अणिमा है इत्यादिवाक्य समान है ॥ ॥ श्वेतकेतुरुवाचः–फेर[369] यह अत्यंत स्थूल पृथिवीआदिक नामरूपवाला जगत् जो है सो। अत्यंत सूक्ष्म सत्‌रूप नामरूपरहित सत् (ब्रह्म)तैं कैसैं उपजता है। यह दृष्टांतकरि फेरहीं मेरेकूं भगवान् विज्ञापन करहू ? ऐसैं [पुत्र पूंछताभया] ॥ ॥ [370]हे सोम्य! तथाऽस्तु ऐसैं पिता कहते भये ॥ २ ॥

इति श्री०भाष्यभाषा०षष्ठप्रपाठकस्यैकादशः खंडः ॥११॥

इति श्रीचतुर्थोपदेशः समाप्तः ॥ ४ ॥

---

३६८ जीवके प्रलयआदिकविषै अविनाशमैं अन्य हेतुकूं कहैहैं ॥ इहां इति शब्द जीवकी नित्यताकी समाप्तिअर्थ है ॥

३६९ जो कहा किः–"हे सोम्य! सत्‌रूप मूलवाली" इत्यादि। तहां श्वेतकेतु प्रश्नकूं करैहै ॥

३७० विलक्षण ब्रह्म अरु जगत्‌का कार्य कारणभाव बनै नहीं ? ऐसैं शंका करनेवाले पुत्रकूं प्रतिबोधकरनेकूं पिता उत्तर वाक्यकूं ग्रहण करैहैं॥

इति श्री०षष्ठप्रपाठकगतैकादशखंडस्य टिप्पणम् ॥ ११ ॥

अथ षष्ठप्रपाठकस्य द्वादशः खंडः ॥ १२ ॥

न्यग्रोधफलमत आहरेतीदं भगव !

अथ श्री॰मूलभाषा॰षष्ठप्रपाठकस्य द्वादशःखंडः ॥ १२ ॥

अथ श्रीपंचमोपदेशप्रारंभः ॥ ५ ॥

अर्थः–उद्दालक उवाचः–इस (बडे वटवृक्ष) तैं न्यग्रोध (वट) के फलकूं ल्याव ! ऐसैं [पिता कहतेभये] ॥ ॥ श्वेतकेतुरुवाचः–हे भगवन्! यह [फल ल्याया] ऐ-

---

अथ श्री॰भाष्यभाषा॰षष्ठप्रपाठकस्य द्वादशः खंडः १२

वटबीजदृष्टांतसैं सूक्ष्मतैं स्थूलोत्पत्ति करि सदुपदेश २

अथ श्रीपंचमोपदेशप्रारंभः ॥ ५ ॥

टीकाः–उद्दालक उवाचः–हे पुत्र! जब इसकूं प्रत्यक्ष करनेकूं इच्छता हैं। तब। ईसैं[३७१]

अथ श्री॰षष्ठप्रपाठकगतद्वादशखंडस्य टिप्पणम् १२

